हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 19 अगस्त 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 प्राचार्य तबादले पर छात्रों ने किया चक्काजाम...



07 पहली बार वीरपुर पहुंची मेमू ट्रेन जोशीले...



खबर संक्षेप

जनसुनवाई: 210 आवेदकों की समस्याएं सुनीं

सागर। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 210 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। अधिकारियों ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को प्रकरणों का तत्परता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मोना दांगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल शिविर का आयोजन आज

सागर। नगर निगम सागर द्वारा संचालित "आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल" कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार, 19 अगस्त को तिलकगंज वार्ड में जनचौपाल शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर प्रातः 11 बजे से गणेश मंदिर, पन्नालाल का बगीचा परिसर, तिलकगंज वार्ड में आयोजित होगा। शिविर में महापौर संगीता सुशील तिवारी तिलकगंज वार्ड के नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगी तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के मौके पर निराकरण के निर्देश देंगी। नागरिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने की कार्रवाई भी की जाएगी। महापौर संगीता सुशील तिवारी ने तिलकगंज वार्ड के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं एवं शिकायतें रखें, ताकि उनका यथासंभव मौके पर निराकरण कराया जा सके। उन्होंने कहा कि "आपकी महापौर आपके द्वार" कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को उनके क्षेत्र में ही सुनना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

हरियाली तीज पर महिला परिषद् की चंद्रप्रभु शाखा द्वारा पौधा रोपण कार्य संपन्न

सागर। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद की श्री चंद्रप्रभु शाखा द्वारा हरियाली तीज पर मलैया गार्डन की नर्सरी से पौधे क्रय करके उनको अपने अपने घरों में रोपण करने का संकल्प लिया। नर्सरी संचालिका श्रीमती शालिनी मलैया जी द्वारा पौधों के रखरखाव संबंधी जानकारी दी गई साथ ही यह भी बतलाया कि किस तरह के पौधे घर में रखकर हम आसपास के वातावरण को प्रदूषण मुक्त रख सकते हैं। शाखा द्वारा नर्सरी व गिर गौशाला संचालिका शालिनी मलैया का सम्मान कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। प्रांतीय उपाध्यक्ष मंजू मगन जैन ने सर्वाधिक पौधे खरीदने के लिए शाखा कोषाध्यक्ष नीतू जैन का सम्मान किया एवं शाखा अध्यक्ष ऋचा शाह व सचिव नीना शाह को पर्यावरण संरक्षण हेतु निरंतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रांतीय विशिष्ट अधिकारी सुनीता अरिहंत, प्रांतीय संगठन मंत्री संध्या रांधेलिया सदस्य शरद एवं मंजू मेडिकल उपस्थिति थीं। सभी ने प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर बगीचे का एवं गौशाला का भ्रमण किया।

नगर निगम जनसुनवाई में प्राप्त सात आवेदनों का किया गया निराकरण

सागर। नगर पालिक निगम सागर के आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार नगर निगम में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में नागरिकों से प्राप्त सात आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में आवास से संबंधित तीन प्रकरण प्रस्तुत हुए। इन प्रकरणों में नियमानुसार निगम की राशि जमा कराकर आवास आवंटित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इसी प्रकार संबल योजना से संबंधित तीन आवेदन प्राप्त हुए। निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

कलेक्टर ने बमोरी बीका व सेमराबाग आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

एलिजिबल कपल की एंट्री, पहली एएनसी और टीकाकरण में न हो चूक: कलेक्टर प्रतिभा पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर प्रतिभा पाल आज बमोरी बीका तथा सेमराबाग़ आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचीं, जहां उन्होंने वीएचएसएनडी (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) सेशन का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र पर मौजूद महिलाओं व बच्चों से आत्मीयता से बातचीत की और गर्भवती महिलाओं से उनके स्वास्थ्य को लेकर विस्तृत चर्चा की।

कलेक्टर ने केंद्र में मौजूद एएनएम से कुल चिन्हांकित गर्भवती महिलाओं, गर्भवती महिलाओं की एएनसी (प्रसव पूर्व जांच) तथा हीमोग्लोबिन स्तर, बीपी, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं, गर्भावस्था प्रेरित हाई ब्लड प्रेशर वाली महिलाओं की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान एएनएम, आशा द्वारा डाटा संधारण में कुछ कमी पाई गई जिसे सुधारने की निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि कुछ महिलाएं मॉडरेट एनीमिक (मध्यम रक्ताल्पता से ग्रसित) हैं गईं, जिन्हें आयरन सुक्रोज इंजेक्शन लगाए गए हैं। कलेक्टर ने हीमोग्लोबिनोमीटर से नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश स्वास्थ्य अमले को दिए। साथ ही उन्होंने ब्लड सैंपल, ब्लड प्रेशर (बीपी) की जांच तथा पीआईएच (प्रेगनेंसी इंड्यूस्ड



हाइपरटेंशन) रजिस्टर के नियमित संधारण के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव के योग्य दंपतियों की सूची और उनकी जानकारी मौखिक होनी चाहिए जिससे उन्हें आवश्यक परामर्श दिया जा सके और बिना किसी त्रुटि के उनकी पहली एएनसी की जा सके।

समीक्षा में सामने आया कि सब हेल्थ सेंटर क्षेत्र में कुल हाई रिस्क प्रेग्नेंट वुमन (एचआरपीडब्ल्यू) चिन्हित की गई हैं, जिनमें बीपी अधिक होने तथा हीमोग्लोबिन (एचबी) कम होने अथवा पहला बच्चा सिजेरियन (सी सेक्शन) से होना या स्टिलबर्थ का होना पाया गया। कलेक्टर ने ऐसी सभी उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की सतत मॉनिटरिंग व समय-समय पर जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आंगनवाड़ी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि एलिजिबल कपल (योग्य दंपत्ति) की एंट्री समय पर पंजी में दर्ज की जाए, किसी भी गर्भवती महिला की पहली एएनसी जांच न छूटे तथा उनकी सभी आवश्यक जांचें समय पर पूरी कराई जाएं। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों के टीकाकरण को भी समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि मां व शिशु दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रखा जा सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आंगनवाड़ी में बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन का सैंपल भी देखा। उन्होंने वहां मौजूद आमजन से आंगनवाड़ी केंद्र के दैनिक रूप से खुलने को लेकर फीडबैक लिया। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका को निर्देशित किया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल सामग्री तथा पाठ्य सामग्री का भरपूर उपयोग किया जाए।

भवन की स्थिति पर भी जताई चिंता

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आंगनवाड़ी भवन की क्षतिग्रस्त छत को देखा और संबंधित अमले को इसकी शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए, ताकि बरसात के मौसम में बच्चों व स्टाफ को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।कलेक्टर प्रतिभा पाल ने दोनों आंगनवाड़ी केंद्रों की समग्र व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं में गुणवत्ता बनाए रखने तथा नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम रोहित वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेश पटेरिया, डॉ आशीष जैन, डीसीएम, बीएमओ, सेक्टर सुपरवाइजर, आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका और आमजन मौजूद रहे।



साल में सिर्फ एक दिन खुलते हैं नाग चंद्रेश्वर के पट, गढ़ाकोटा में उमड़ते हैं हजारों श्रद्धालु

गढ़ाकोटा। सागर जिले के गढ़ाकोटा में नाग पंचमी के अवसर पर आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। बाजार वार्ड स्थित प्राचीन पंच महादेव मंदिर में नाग पंचमी के दिन साल में सिर्फ एक बार भगवान नाग चंद्रेश्वर के पट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाते हैं। इस खास अवसर पर भगवान के दर्शन के लिए गढ़ाकोटा ही नहीं,बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। नगर के बीचों-बीच स्थित पंच महादेव मंदिर को श्रद्धालु दिव्य और प्राचीन धार्मिक स्थल के रूप में मानते हैं। मंदिर बाजार वार्ड में मिश्राइन मंदिर के सामने स्थित है। मंदिर परिसर में करीब 20 देवी-देवताओं के विराजमान होने की बात बताई जाती है। मंदिर की विशेषता यह है कि यहां धार्मिक मान्यताओं से जुड़े कई स्वरूपों के दर्शन एक ही परिसर में होते हैं। मंदिर के ऊपरी हिस्से में द्वादश ज्योतिर्लिंग और श्रीराम दरबार विराजमान हैं। वहीं मंदिर के सबसे ऊपरी हिस्से में भगवान नाग चंदेश्वर के दर्शन होते हैं। इसके अलावा गंगेश्वर,मनसा देवी और श्रीराम भक्त हनुमान जी भी मंदिर परिसर में विराजमान हैं। नाग पंचमी के दिन भगवान नाग चंदेश्वर के पट सुबह से खोल दिए जाते हैं और देर रात तक श्रद्धालु दर्शन कर सकते हैं। साल में केवल एक दिन होने वाले इन विशेष दर्शनों को लेकर भक्तों में खासा उत्साह रहता है। स्थानीय धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गढ़ाकोटा के नाग चंदेश्वर के दर्शन को उज्जैन के प्रसिद्ध नाग चंदेश्वर मंदिर के दर्शन के समान पुण्यदायी माना जाता है। यही वजह है कि नाग पंचमी के दिन सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगती है। दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग परिवार के साथ यहां पहुंचते हैं और भगवान नाग चंदेश्वर का आशीर्वाद लेते हैं। मंदिर परिसर में पूरे दिन धार्मिक माहौल बना रहता है। साल में सिर्फ एक दिन भगवान नाग चंदेश्वर के पट खुलने की यह परंपरा गढ़ाकोटा की धार्मिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। श्रद्धालु इस दिन को भगवान शिव और नाग देवता की आराधना के लिए विशेष मानते हैं।



स्वतंत्रता दिवस पर वन विभाग में हुआ आयोजन

सागर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दक्षिण वन मंडल सागर कार्यालय परिसर में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीएफओ वरुण यादव सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक वंदे मातरम गायन से हुआ। इसके बाद डीएफओ वरुण यादव ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया। उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्रगान किया। इस अवसर पर डीएफओ वरुण यादव एवं वन मंडल अधिकारी देवेंद्र अहिरवार ने शहीद वनकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान को याद किया। साथ ही वन कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वन परिवार में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल रहा। जानकारी प्रेस को वनपाल राजूशील यादव ने दी।

66 मरीजों को मिला निःशुल्क रक्त, भूपेन्द्र भैया की ब्लड हेल्प लाइन बनी जरूरतमंदों का भरोसा



सागर । मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में संचालित ''भूपेन्द्र भैया की ब्लड हेल्पलाइन सेवा'' मानव सेवा का एक सशक्त उदाहरण बनकर निरंतर जरूरतमंद मरीजों के जीवन में आशा का संचार कर रही है। संकट की घड़ी में समय पर रक्त उपलब्ध कराकर यह सेवा अनेक परिवारों के लिए संबल बनी है। गत 02 अगस्त से 17 अगस्त के मध्य मात्र 16 दिनों में 66 जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया। इस अवधि में प्रतिदिन औसतन 4 मरीजों तक समय पर रक्त पहुँचाकर उनके उपचार को निर्बाध रूप से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। कई मामलों में समय पर रक्त उपलब्ध होने से मरीजों का उपचार बिना किसी विलंब के प्रारंभ हो सका, जिससे परिजनों को भी बड़ी राहत मिली।

त्योहारों के मद्देनजर नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई सड़क पर लगी राखी-रुमाल की दुकानों को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं आमजन को खरीदारी के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए नगर पालिक निगम सागर द्वारा पुलिस प्रशासन एवं ट्रैफिक पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार की गई कार्रवाई के दौरान मस्जिद चौराहे से राधा तिराहा तक सड़क के दोनों ओर सड़क पर लगी राखी एवं रुमाल की दुकानों को हटाया गया। साथ ही सड़क एवं यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों पर जुर्माने की कार्रवाई भी की गई।नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन द्वारा फुटपाथ व्यापारियों को स्पष्ट रूप से समझाइश दी गई कि वे सड़क पर दुकानें लगाकर यातायात एवं आमजन की आवाजाही में बाधा उत्पन्न न करें। दुकानदारों को हिदायत दी गई कि यदि दोबारा सड़क पर दुकान लगाई गई तो नियमानुसार सामग्री जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। राजकुमार खत्री के सख्त निर्देश हैं कि त्योहारों के दौरान कटरा बाजार में विशेष रूप से मस्जिद चौराहे के आसपास किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो तथा आम नागरिकों को सुगम यातायात एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। इसी के तहत नगर निगम, पुलिस प्रशासन एवं ट्रैफिक पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से लगातार निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है।अधिकारियों ने बताया कि त्योहारों के सीजन में यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, ताकि बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और नागरिक बिना किसी परेशानी के खरीदारी कर सकें।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की पुण्य तिथि पर शहर कांग्रेस सेवादल परिवार ने श्रद्धांजलि अर्पित की

सागर। जिला शहर कांग्रेस सेवादल परिवार के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि देकर उन्हें स्मरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत में नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर नेताजी को श्रद्धांजलि दी और तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का जयघोष किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने नेताजी के जीवन, उनके संघर्ष और देशभक्ति को याद किया।



सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने कहा, नेताजी ने अपना पूरा जीवन देश की आजादी के लिए समर्पित कर दिया। आज देश को फिर से अनुशासन, ईमानदारी और राष्ट्रप्रेम की जरूरत है, जो नेताजी के आदर्शों में देखने को मिलता है। हमें उनके विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना होगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसी जितेंद्र रोहण ने नेताजी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि नेताजी का त्याग और बलिदान इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उन्होंने बताया कि नेताजी की मृत्यु आज भी रहस्य बनी हुई है, लेकिन 18 अगस्त 1945 को ताइवान में हुई विमान दुर्घटना को ही आधिकारिक रूप से उनकी पुण्यतिथि माना जाता है। कार्यक्रम में लल्ला यादव,परख शुक्ला,आकाश नामदेव,पंकज सोनी, लखन पटेल,नीरज सोनी रविकांत,रवि जैन,अन्नू घोसी धरमेश अग्रवाल पकंज सोनी आदि जन उपस्थित रहे।



पशुपतिनाथ मंदिर में दूसरे दिन भी बने 51 हजार पार्थिव शिवलिंग

सागर। तिली रोड बैंक कॉलोनी स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में आयोजित पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रुद्री निर्माण और पूजन अभिषेक किया। पं.शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन भी प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक श्रद्धालुओं ने 51 हजार रुद्री बनाईं और 11.30 बजे से 1 बजे तक पूजन अभिषेक किया गया। कार्यक्रम प्रतिदिन निर्धारित समय पर चल रहा है, मंगलवार को रुद्रनिर्माण एवं पूजन अभिषेक में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।



भगवान श्री झूलेलाल को 56 भोग अर्पित

सागर। संत कंवर राम वार्ड में चल रहे श्री झूलेलाल चालीहा के तहत भगवान श्री झूलेलाल जी को 56 भोग अर्पित किए गए। इस अवसर पर अहमदाबाद से सागर पहुंचीं साध्वी संत साईं शेहरा वाले साहिब जी ने श्री झूलेलाल चालीहा हाल, सुभाष नगर में ज्योत दर्शन एवं पल्लव प्रार्थना की।इसके बाद सिविल लाइन स्थित श्री गुरुनानक मंदिर में सत्संग एवं भजन का आयोजन हुआ। साध्वी जी ने अपने श्रीमुख से सत्संग के दौरान 'आस की मटकी' के महत्व एवं उससे जुड़ी धार्मिक मान्यताओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने झूलेलाल साईं की सत्संग कथा सुनाते हुए संगत को दर्शन एवं आशीर्वाद प्रदान किया।कार्यक्रम का आयोजन श्री गुरुनानक मंदिर ट्रस्ट, सिविल लाइन द्वारा किया गया। इस अवसर पर दिया राजपूत, मोनिका मेठवानी, लीला आहूजा, भारती मोहनानी (नढ़णी), रैना गोकलानी, वर्षा हांसानी, मानसी दरयानी, ममता तलरेजा, कनक लोटवानी, लालाराम मेठवानी, मंडली अध्यक्ष सुरेश मोहनानी, सोनू जेसवानी, विन्नू आहूजा, प्रेम प्रथयानी, विज्जू लालवानी सहित बड़ी संख्या में सिंधी समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पटनेश्वर धाम ढाना में रविशंकर महाराज ने किया रूद्राभिषेक पूजन

कलयुग में दिखावा से बचने का सहारा भजन कीर्तन: रावतपुरा सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलयुग में आकर्षण एवं दिखावा से बचने के लिए भजन कीर्तन ही एकमात्र सहारा है। भौतिकवाद से हर व्यक्ति को मुक्त करने, जीवन को सार्थक बनाने में भजन कीर्तन का बहुत ही प्रभाव है। यह बात रावतपुरा सरकार रविशंकर महाराज ने पटनेश्वर धाम ढाना में श्रद्धालुभक्तों को आशीष वचनों में कही। महराज ने कहा कि जहां जहां भी कीर्तन भजन, सत्संग मिलता है उसमें सारे कष्ट पाप, दुख, पीड़ा खत्म हो जाती है। संकीर्तन का प्रभाव ही हमें भौतिकवाद से बचाता है। रावतपुरा सरकार ने कहा कि कलयुग में दिखावा, झूठ, आकर्षण से तभी बच सकते है जब हम भजन कीर्तन में लीन हो। सनातन संस्कृति को बचाने के लिए हमें धर्म के रास्ते पर और जागरूक होना होगा।

भजन का सुमिरन हमें हर कष्टों से मुक्ति दिलाता है। उन्होंने भक्तों से कहा कि झूठ, दिखावा एवं आकर्षण से बचे। बुंदेलखण्ड की



भूमि संतों की धरा है। यह संतों की भूमि है। देवराहा बाबा 300 साल पहले जब नर्मदा परिक्रमा के लिए निकले थे उस समय वह पटनेश्वर धाम ढाना में विश्राम के लिए रूके थे। अंग्रेजी पुस्तक में उन्होंने यह पढ़ा है। सरकार ने कहा कि संत जगतमनि होते है जो धर्म और सत्य पर चलते है। जो सत्य का सहारा लेता है वह जन्म-जन्म तक रिद्धि-सिद्धी, एश्वर्य, समृद्धि को प्राप्त करता है।

सावन माह में पटनेश्वर धाम ढाना में जहां पंचदेव विराजमान है। इस तपों भूमि पर अखंड रामचरित पाठ, अखंड संकीर्तन हो रहा है उसके प्रभाव से ही सभी भक्तजनों पर भगवान की कृपा बरस रही है। उन्होंने इस आयोजन के लिए राजीव हजारी को विशेष कृपापात्र बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यों की प्रेरणा भी भगवान की कृपा से ही होती है। इसके पूर्व रविशंकर महराज ने पटनेश्वर धाम में विराजमान भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक, पूजन अर्चन किया। उसके बाद उसके बाद परिसर में चल रहे गौरीशंकर सीताराम कीर्तन भजन किया। रावतपुरा सरकार मानस मंदिर धाम भी पहुंचे जहां उन्होंने भगवान के दर्शन किए।

इस कार्यक्रम में नर्मदा परिक्रमावासी संत केशवरगिरी महराज के साथ प्रिंस हजारी सुशील पांडेय दाऊ, निधीश तिवारी, अभिषेक पाठक, अखलेश दुबे, संदीप पांडेय, कन्नू पांडेय, शौरू उपाध्याय, राजू पांडेय, नीरज जैन, पप्पू मिश्रा, बंटू हजारी अनेक भक्तजन भी शामिल हुए।

पुलिस कर्मियों के परिवार को बीमा चेक प्रदान किए

सागर। भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा पुलिस विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों हेतु विशेष पुलिस सैलरी पैकेज के माध्यम से मुफ्त जीवन बीमा की सुविधा दी जा रही है। कुछ समय पूर्व 10वीं बटालियन मकरोनिया के 4 साथियों का विभिन्न बीमारियों के कारण दुखद निधन हो गया था। भारतीय स्टेट बैंक मकरोनिया, सिविल लाइन एवं यूनिवर्सिटी शाखा और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से त्वरित कार्यवाही कर इन्हें बीमा का लाभ दिलाया गया। इसी तारतम्य में आज पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के द्वारा स्टेट बैंक के अधिकारियों की उपस्थिति में इन स्वर्गीय कर्मचारियों के परिजनों को सांकेतिक चेक प्रदान किए गए। इस योजना के अंतर्गत काजल गौतम पत्नी स्वर्गीय प्रहलाद गौतम (आरक्षक), रुक्मणी पत्नी स्वर्गीय श्रीनिवास सिंह (उप निरीक्षक), श मुन्नी बाई पत्नी स्वर्गीय मनसुखलाल (प्रधान आरक्षक) एवं विमला देवी पत्नी स्वर्गीय करण बहादुर (प्रधान आरक्षक) को भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा 10-10 लाख रुपए प्रदान किए गए हैं।

छात्र बोले-दो माह से प्राचार्य नहीं, प्रभारी प्राचार्य ने कहा: कब्जाधारियों ने छात्रों को भड़काया

प्राचार्य तबादले पर छात्रों ने किया चक्काजाम शिक्षक बोले-अतिक्रमणकारियों का षड्यंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के बल्देवगढ़ क्षेत्र के बनियानी हाई स्कूल में प्राचार्य के तबादले को लेकर मंगलवार को छात्र-छात्राओं का गुस्सा सड़क पर दिखाई दिया। प्राचार्य हरदास कुशवाहा के स्थानांतरण के विरोध में विद्यार्थियों ने मजना-खरगापुर मार्ग पर स्कूल के सामने चक्काजाम कर दिया। छात्रों के प्रदर्शन के चलते मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंचे तथा विद्यार्थियों को समझाइश देकर चक्काजाम समाप्त कराने का प्रयास किया, लेकिन छात्र अपनी मांग पर अड़े रहे। जबकि बनियानी हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य ने उक्त चक्काजाम को अतिक्रमणकारियों का षड्यंत्र बताते हुये कहा कि जो लोग स्कूल की जमीन पर कब्जा किये है, उनके लोगो ने छात्रों को भड़काकर यह चक्काजाम कराया है। हालांकि प्रशासनिक अधिकारियो ने मौके पर पहुंचकर बड़ी मशक्कत और समझाइश के बाद उक्त चक्काजाम को खुलवा पाया। प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं का कहना था कि प्राचार्य हरदास कुशवाहा के स्थानांतरण के बाद स्कूल की व्यवस्था प्रभावित हुई है। छात्रों ने आरोप लगाया कि करीब दो माह से स्कूल में नियमित प्राचार्य नहीं है, जिसके कारण शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। विद्यार्थियों ने मांग की कि हरदास कुशवाहा का स्थानांतरण निरस्त कर उन्हें पुनः बनियानी हाई स्कूल में पदस्थ किया जाए।





हम विद्यार्थी हैं या शिक्षक के बच्चे के केयरटेकर

चक्काजाम कर रहे विद्यार्थियों ने स्कूल की व्यवस्थाओं को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए है। छात्रों का कहना है कि स्कूल में करीब छह शिक्षक हैं, लेकिन नियमित रूप से केवल हिंदी विषय की ही पढ़ाई होने होती है। विद्यार्थियों ने संस्कृत विषय की महिला अतिथि शिक्षक पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे अपने छोटे बच्चे को साथ लेकर स्कूल आती हैं और बच्चों से उनके बच्चे को खिलाने के लिए कहती हैं। छात्रों ने सवाल उठाया कि वे स्कूल पढ़ने आते हैं या शिक्षकों के बच्चों की देखभाल करने के लिए। विद्यार्थियों ने स्कूल में पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर भी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि छात्रों को ही पानी भरना पड़ता है और स्कूल परिसर की साफ-सफाई भी विद्यार्थियों से कराई जाती है। छात्रों के मुताबिक स्वतंत्रता दिवस के आयोजन से पहले भी उनसे स्कूल परिसर में सफाई कराई गई। छात्रों का आरोप है कि मूलभूत सुविधाओं के अभाव के साथ-साथ शिक्षण व्यवस्था भी प्रभावित होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रभारी प्राचार्य ने बताया चक्काजाम का दूसरा राज

उक्त मामले में बनियानी हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य हरिहर सिंह ने छात्रों के आरोपों से अलग तस्वीर पेश करते हुये राजफाश किया है। उन्होंने चक्काजाम को स्कूल की जमीन पर कथित अतिक्रमण और कब्जे से जोड़ते हुए गंभीर आरोप लगाए है। प्रभारी प्राचार्य हरिहर सिंह का कहना है कि स्कूल के पीछे स्थित जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है और कलेक्टर के निर्देश पर उक्त जमीन से अतिक्रमण हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रभारी प्राचार्य हरिहर सिंह ने बताया कि तपोवन सृजन नामक संस्था द्वारा स्कूल की अतिक्रमण वाली जमीन पर पौधरोपण के लिए सुरक्षात्मक फेंसिंग लगाए जाने की तैयारी की जा रही थी। इसके लिए जमीन की नपाई भी कराई गई। प्रभारी प्राचार्य हरिहर सिंह का आरोप है कि जमीन की नपाई और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से नाराज कथित कब्जाधारियों ने छात्रों को भड़काकर यह चक्काजाम कराया है।

छात्रों के आरोपों को प्रभारी प्राचार्य ने कुछ हद तक ठहराया सही

छात्रों द्वारा लगाये गये आरोपों पर बोलते हुये प्रभारी प्राचार्य हरिहर सिंह ने बताया कि स्कूल में चार नियमित शिक्षक और तीन महिला अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल में करीब 140 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। संस्कृत विषय की अतिथि शिक्षक क्रांति राजपूत अपने छोटे बच्चे के साथ स्कूल आती हैं। तो हो सकता है कि कभी कभार अतिथि शिक्षक क्रांति राजपूत ने अपने बच्चे की देखभाल के लिये छात्रों से बोल दिया हो। वहीं हिंदी विषय के शिक्षक रघुनाथ अहिरवार हैं। प्रभारी प्राचार्य हरिहर सिंह ने पेयजल व्यवस्था के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि स्कूल में पानी की पर्याप्त व्यवस्था है। हालांकि उन्होंने यह स्वीकार किया कि स्कूल में सफाईकर्मी या चपरासी नियुक्त नहीं है, जिसके कारण नियमित साफ-सफाई की समस्या बनी रहती है।

छात्रों के चक्काजाम की क्या है असल कहानी

बनियानी हाई स्कूल के छात्रों द्वारा लगाये गये चक्काजाम की असल बजह बताते हुये ग्रामीणों ने भी कहा कि यह बात तो सत्य है कि स्कूल की जमीन पर कुछ लोग अबैध कब्जा किये है। अब एक तरफ विद्यार्थी शिक्षण व्यवस्था, प्राचार्य की पदस्थापना और मूलभूत सुविधाओं के नाम पर सड़क पर उतर आने की बात कह रहे हैं, तो दूसरी तरफ प्रभारी प्राचार्य ने पूरे आंदोलन के पीछे स्कूल की जमीन पर कथित अतिक्रमण करने वालों की भूमिका होने का आरोप लगाया है। ऐसे में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी हो गई है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि छात्रों की शिकायतें शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी वास्तविक समस्याओं का परिणाम हैं या फिर स्कूल की जमीन से जुड़े विवाद ने विद्यार्थियों के आंदोलन को जन्म दिया है। प्रशासन के सामने अब दोहरी चुनौती है कि एक ओर विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं और स्कूल की व्यवस्थाओं की जांच करना, वहीं दूसरी ओर स्कूल की जमीन पर कथित अतिक्रमण के आरोपों की भी पड़ताल करना। यदि दोनों पक्षों के दावों की वस्तुस्थिति सामने आती है, तभी बनियानी हाई स्कूल के विवाद की वास्तविक तस्वीर साफ हो सकेगी।

नई पाइपलाइन अब तक चालू नहीं

20 दिन से खुले पड़े गड्ढे, नल जल योजना बनी मुसीबत!



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

जिले की नगर परिषद पलेरा के वार्ड क्रमांक 12 में नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए की गई खुदाई अब वार्डवासियों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। करीब 15 से 20 दिन बीतने के बावजूद सड़क पर किए गए गड्ढे व्यवस्थित तरीके से नहीं भरे गए हैं, वहीं नई पाइपलाइन से पानी की सप्लाई भी शुरू नहीं हो सकी है। इसके चलते वार्ड के लोगों को एक ओर पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है, तो दूसरी ओर सड़क पर फैली गिट्टी और अधूरी खुदाई से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। वार्डवासियों का आरोप है कि नई पाइपलाइन डालने के लिए पुरानी पेयजल लाइन को बंद कर दिया गया था।

लोगों को उम्मीद थी कि नई लाइन का काम पूरा होते ही पानी की सप्लाई बहाल हो जाएगी, लेकिन कई दिन गुजरने के बाद भी नई लाइन चालू नहीं की गई। ऐसे में लोगों की परेशानी कम होने के बजाय और बढ़ गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पाइपलाइन बिछाने के लिए वार्ड में कई स्थानों पर गहरी खुदाई की गई थी। काम होने के बाद इन गड्ढों को पूरी तरह और व्यवस्थित तरीके से नहीं भरा गया। सड़क पर जगह-जगह गिट्टी और निर्माण सामग्री पड़ी होने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। दोपहिया वाहन चालकों के साथ पैदल निकलने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी शीतला माता मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को उठानी पड़ रही है। मंदिर के रास्ते में जगह-जगह गिट्टी और खुदाई के कारण रास्ता बेहद खराब हो गया है। श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश के दौरान कई बार बिना चप्पल के जाना पड़ता है, ऐसे में गिट्टी से भरे रास्ते पर पैदल चलना उनके लिए परेशानी और चोट का कारण बन सकता है। वार्डवासियों का कहना है कि समस्या को लेकर नगर परिषद के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक न तो नई नल-जल पाइपलाइन से पानी की सप्लाई शुरू की गई और न ही सड़क के गड्ढों को पूरी तरह भरकर रास्ते को सुचारू किया गया। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते खुले गड्ढों को नहीं भरा गया तो बारिश अथवा रात के समय किसी वाहन चालक या राहगीर के साथ गंभीर हादसा हो सकता है। वार्ड वासियों ने जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय से मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। लोगों ने मांग की है कि नई पेयजल पाइपलाइन को शीघ्र चालू कराया जाए, सड़क पर किए गए गड्ढों को तत्काल भरवाया जाए और शीतला माता मंदिर जाने वाले मार्ग को आवागमन के योग्य बनाया जाए।



एकजुटता व मजबूती से लड़ेंगे जनहित की लड़ाईः यादवेन्द्र

टीकमगढ़। जिला और प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था की कथित बदहाली, जर्जर स्कूल-कॉलेज भवनों तथा विद्यार्थियों की विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस ने अब आंदोलन का ऐलान कर दिया है। आगामी 24 अगस्त को जिला कलेक्ट्रेट के घेराव और शक्ति प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए कांग्रेस संगठन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी सिलसिले में मंगलवार को विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला के तालदरवाजा स्थित निवास पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंदोलन की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारियों और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दे सीधे जिले के हजारों विद्यार्थियों और उनके भविष्य से जुड़े हैं। स्कूल और कॉलेजों के जर्जर भवनों की स्थिति, विद्यार्थियों की समस्याओं तथा शिक्षा से जुड़ी अन्य मांगों को लेकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने के लिए 24 अगस्त को कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा। कांग्रेस ने इस आंदोलन को प्रभावी बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपने और अधिक से अधिक युवाओं, विद्यार्थियों एवं आमजन को आंदोलन से जोड़ने पर जोर दिया। बैठक में टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला, सूर्य प्रकाश मिश्रा, संगठन महासचिव संजय नायक, नगर अध्यक्ष गौरव शर्मा, दुष्यंत लोधी, योगेंद्र योगी, गर्ल्स कॉलेज प्रभारी सूर्यांशी खरे, जसवंत वाल्मीकि, इसरार मोहम्मद, सुरेंद्र सोनी, राहुल यादव, देवेंद्र भास्कर, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अंकित कश्यप, एनएसयूआई नगर अध्यक्ष शिवेंद्र यादव, प्रशुन क्षत्रिय, ऋतिक यादव, आईटी सेल अध्यक्ष नीतेश बिलगइयां, इरफान खान और पुष्पेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में युवक कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आगामी आंदोलन को लेकर संगठन की तैयारियों की समीक्षा की। कार्यकर्ताओं से कहा गया कि कलेक्ट्रेट घेराव को केवल राजनीतिक कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए इसे विद्यार्थियों और आमजन की समस्याओं की आवाज बनाया जाए। इसके लिए अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच बनाने और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने पर जोर दिया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि जिले में कई स्कूल और कॉलेज भवन लंबे समय से जर्जर स्थिति में हैं, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा और पढ़ाई दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

पुलिस को मिली बड़ी सफलता, लाखों की शराब जब्त

नरोसा नाला पर शराब तस्करी का बड़ा भंडाफोड़, आइसर ट्रक के केबिन में छिपाकर ले जा रहे थे 281 पेटी शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में अवैध शराब के परिवहन और कारोबार के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ागांव पुलिस ने नरोसा नाला के पास बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों रुपए की अवैध शराब पकड़ी है। पुलिस ने एक सफेद रंग के आयशर ट्रक से कुल 281 पेटी देशी शराब बरामद की, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 13 लाख 75 हजार रुपए बताई गई है। शराब के परिवहन में प्रयुक्त करीब 15 लाख रुपए कीमत के आयशर ट्रक को भी पुलिस ने जब्त किया है। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में बड़ागांव थाना प्रभारी उप निरीक्षक जयेन्द्र गोयल द्वारा क्षेत्र में लगातार सघन चेकिंग कराई जा रही थी। 18 अगस्त को बड़ागांव थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग के आयशर ट्रक क्रमांक एमपी 13 जीए 9515 से अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस



टीम ने नरोसा नाला के पास संदिग्ध वाहन की घेराबंदी कर उसे रोक लिया। पुलिस द्वारा ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें बड़ी मात्रा में शराब छिपाकर रखी हुई मिली। तलाशी के दौरान पुलिस ने ट्रक से 261 पेटी मसाला देशी शराब बरामद की, जिसमें कुल 13,050 क्वार्टर पाए गए। पुलिस के अनुसार इसकी अनुमानित कीमत करीब 13 लाख 5 हजार रुपए है। इसके अलावा 20 पेटी प्लेन देशी शराब बरामद हुई, जिसमें कुल 1,000 क्वार्टर थे और इनकी अनुमानित कीमत करीब 70 हजार रुपए बताई गई है। इस तरह बरामद शराब की कुल कीमत करीब 13 लाख 75 हजार रुपए आंकी गई है।

शराब के साथ पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त आयशर ट्रक भी जब्त कर लिया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपए बताई गई है। इस तरह पुलिस कार्रवाई में शराब और वाहन समेत करीब 28 लाख 75 हजार रुपए का माल जब्त किया गया है। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक चक्रेश यादव निवासी भोयरा, थाना भगवा, जिला छतरपुर तथा उसके सहयोगी नितेश घोष निवासी सावल खिरिया, थाना रहली, जिला सागर को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों द्वारा शराब को भितरवार, जिला ग्वालियर से जबलपुर की ओर ले जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना बड़ागांव में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शराब कहां से लाई गई थी, इसे किसके लिए ले जाया जा रहा था और इस तस्करी के पीछे कौन-कौन लोग जुड़े हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आरोपियों से पूछताछ के आधार पर शराब तस्करी के पूरे नेटवर्क तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब को परिवहन करने के लिए किस स्तर पर व्यवस्था की गई थी और इसमें अन्य कौन लोग शामिल हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बड़ागांव उप निरीक्षक जयेन्द्र गोयल, उप निरीक्षक केसी परते, प्रधान आरक्षक सादिक एवं शैलेन्द्र, आरक्षक सुनील मिश्रा, आशीष चौबे, राघवेन्द्र शर्मा, शुभम कौशिक, अभिषेक यादव, अभय प्यासी, रामजी पटेल तथा आरक्षक चालक राजवीर सहित थाना बड़ागांव पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पलेरा सीएमओ को कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्वतंत्रता दिवस पर सौंपा प्रशस्ति पत्र

उत्कृष्ट कार्यों और सूचीकरण के कुशल प्रबंधन के लिए सीएमओ शिवि सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

स्वतंत्रता दिवस के गरिमामय अवसर पर नगर परिषद पलेरा की मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवी उपाध्याय को उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यों, जनहितैषी प्रयासों और मकान सूचीकरण जैसे महत्वपूर्ण शासकीय कार्य के कुशल प्रबंधन के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यों की सराहना

जिला स्तरीय समारोह में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की। बताया गया है कि नगर परिषद पलेरा में सीएमओ के रूप में शिवी उपाध्याय ने नगर के विकास, स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए। उनके कार्यकाल के दौरान स्वच्छता अभियान को गति देने के साथ-साथ नगर की बुनियादी व्यवस्थाओं में सुधार के लिए भी प्रयास किए गए।



इसके अलावा मकान सूचीकरण एवं जनगणना से संबंधित महत्वपूर्ण शासकीय कार्य के कुशल संचालन में भी उनकी भूमिका सराहनीय रही। प्रशासन की ओर से सौंपे गए इस संवेदनशील कार्य को व्यवस्थित तरीके से पूरा कराने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाना नगर परिषद पलेरा के लिए भी गौरव का विषय रहा। सम्मान मिलने के बाद नगर परिषद के कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने सीएमओ शिवी उपाध्याय को शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यों की सराहना की।

सम्मान के बाद नगर परिषद कर्मचारियों मोनिका खरे, राजकुमार खरे, छत्रपाल प्रजापति, अरुण सोनी, रामकुमार पाठक, अभिषेक तिवारी, चंद्रभान वाल्मीकि, मंगल खटीक, पंकज रैकवार और पूनम नहारिया सहित स्थानीय नागरिकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। नगर परिषद कर्मचारियों का कहना है कि कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा दिया गया यह सम्मान सीएमओ शिवी उपाध्याय की कार्यकुशलता, प्रशासनिक दक्षता और जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठा का सम्मान है। उक्त सम्मान से नगर परिषद के कर्मचारियों में भी उत्साह का माहौल है।

25 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में कर्मचारियों का हल्लाबोल, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

सीएम की घोषणाओं पर भी प्रदेश की अफसरशाही हावीः अध्यक्ष त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

मध्य प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों की लंबित मांगों को लेकर मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। भारतीय मजदूर संघ के सहयोगी संगठन मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के नेतृत्व में कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को 25 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा और लंबित मांगों का तत्काल निराकरण किए जाने की मांग की। संघ ने चेतावनी दी कि यदि शासन स्तर पर मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को आगे बढ़ाया जा सकता है। राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों के हित में मुख्यमंत्री द्वारा घोषणाएं किए जाने के बावजूद कई मामले शासन की अफसरशाही के स्तर पर लंबित पड़े हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को एरियर, महंगाई भत्ता, वेतन विसंगति, पदोन्नति सहित अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं शिक्षा विभाग में लागू ई-अटेंडेंस व्यवस्था को लेकर भी कर्मचारियों की परेशानियां सामने आ रही हैं।



पुरानी पेंशन से लेकर डीए और एरियर तक उठी आवाज

संघ के 25 सूत्रीय मांग-पत्र में 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से मुक्त करने, मध्य प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना को वरिष्ठता के साथ लागू करने तथा महंगाई भत्ते की सीमा केंद्र के समान करने जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं। इसके अलावा प्रदेश के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता देने और कर्मचारियों को लंबित वेतनमान का लाभ दिलाने की मांग भी की गई है। संघ ने दो से अधिक संतान की बाध्यता वाले आदेश को तत्काल निरस्त करने, दैनिक वेतनभोगी, संविदा एवं स्थाईकर्मी कर्मचारियों के नियमितीकरण, रिक्त पदों पर सीधी भर्ती तथा तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के आउटसोर्स कर्मचारियों को शासकीय सेवक के रूप में मान्य किए जाने की मांग उठाई है। कार्यभारित कर्मचारियों को अवकाश नगदीकरण का लाभ देने और स्थायी कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ दिलाने की मांग भी ज्ञापन में रखी गई है।

पदोन्नति में देरी पर भी सरकार को घेरा

कर्मचारी संघ ने विभिन्न विभागों में पदोन्नति के लंबित मामलों को लेकर भी सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षकों को वरिष्ठता और योग्यता के आधार पर पदोन्नति देने तथा संबंधित विषय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर योग्यता रखने वाले शिक्षकों को उसी विषय में पदोन्नति देने की मांग की गई है। स्वास्थ्य विभाग में कर्मचारियों की लंबित मांगों और वेतन विसंगतियों का निराकरण, लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता एवं महंगाई भत्ते का लाभ देने तथा नेत्र चिकित्सा सहायकों का पदनाम बदलकर नेत्र चिकित्सा अधिकारी किए जाने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की पदोन्नति से जुड़े मुद्दे भी उठाए गए हैं।

आयुष, महिला-बाल विकास व वन विभाग के भी उठे मामले

आयुष विभाग में वर्ष 2002-03 में रिक्त पदों के विरुद्ध की गई संविदा नियुक्तियों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देने, सभी संवर्गों को समयमान वेतनमान दिलाने और विभाग के कर्मचारियों की लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग में संविदा पर्यवेक्षकों को नियमित करने तथा वेतन विसंगति दूर करने की मांग भी रखी गई है। वन विभाग में पदोन्नति प्रक्रिया के दौरान रिक्तियों और प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अधिकारियों के पदों को रिक्त मानते हुए पदोन्नति में शामिल करने तथा वन क्षेत्रपाल से वनपाल के पद पर पदोन्नति आदेश जारी करने की मांग की गई है। वाहन चालकों की नियमित भर्ती तथा पदनाम में बदलाव सहित अन्य विभागीय मांगें भी 25 सूत्रीय ज्ञापन में शामिल हैं।

ई-अटेंडेंस पर शिक्षकों को राहत देने की मांग

कर्मचारी संघ ने शिक्षा विभाग की ई-अटेंडेंस व्यवस्था को लेकर विशेष आपत्ति दर्ज कराई है। ज्ञापन में ई-अटेंडेंस प्रक्रिया में समय का निर्धारण सुनिश्चित करने, बार-बार समय में परिवर्तन नहीं करने तथा मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों को सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्धारित विशेष अवकाश का प्रावधान किए जाने की मांग की गई है। आकस्मिक परिस्थितियों में कर्मचारियों को ऑफलाइन अटेंडेंस की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई है। संघ ने प्रदेश के सभी विभागों में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने तथा नियमों का सरलीकरण करने की मांग की है। परिवार पेंशन के लिए पात्र सेवा अवधि को 33 वर्ष से घटाकर 25 वर्ष किए जाने की मांग भी ज्ञापन में रखी गई है। विभिन्न विभागों के संवर्गों में वेतन विसंगतियों के निराकरण के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा वेतन आयोग गठित करने की मांग भी की गई है।

मुख्य सचिव स्तरीय समिति की बैठक बुलाने की मांग

कर्मचारी संघ ने अपनी 25 सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए मुख्य सचिव स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक शीघ्र आयोजित करने की मांग की है। संघ का कहना है कि लंबे समय से लंबित मामलों पर शासन तत्काल निर्णय लेकर आदेश जारी करे, ताकि प्रदेश के कर्मचारियों एवं अधिकारियों में व्याप्त असंतोष दूर हो सके। कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि शासन स्तर पर उन पर प्रभावी निर्णय लेकर आदेश भी जारी किए जाने चाहिए। इस दौरान बड़ी संख्या में राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

6 साल बाद वीरपुर से ग्वालियर तक आज से विधिवत शुरू होगा ट्रेनों का संचालन

पहली बार वीरपुर पहुंची मेमू ट्रेन जोशीले अंदाज में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

2020 में कोरोनाकाल की बंदिशों के बीच बंद हुआ नैरोगेज ट्रेन का सफर 6 साल बाद बुधवार से अमान परिवर्तन (नैरोगेज से ब्रॉडगेज में तब्दील) के साथ वीरपुर से फिर शुरू होगा। हालांकि वीरपुर स्टेशन पर मंगलवार की शाम 5 बजे के बाद सजी धजी मेमू ट्रेन पहुंच गई गई थी जिसमें बड़ी संख्या में वीरपुरवासी सबलगढ़ से बैठकर वीरपुर पहुंचे। वीरपुरवासियों के लिए करीब 20 किमी का यह सफर महज ट्रेन यात्रा नहीं थी बल्कि यह उनके लिए उम्मीद का वो दिया है जिसके रोशन होने का इंतजार वह विगत 6 सालों से करते आ रहे थे। हालांकि यह यात्रा उपचारिक और उत्साहित करने वाली थी, लेकिन बुधवार को वीरपुर से सबलगढ़, कैलारस, जोरा और ग्वालियर इत्यादि स्टेशनो तक का सफर लोग टिकट कटा कर सकते हैं। ज्ञात हो कि मंगलवार को सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने विशेष रूप से उपस्थित होकर कैलारस स्टेशन से वीरपुर तक के लिए मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

मंगलवार की शाम 5 के बाद पहली बार जैसे ही श्योपुर जिले के वीरपुर स्टेशन के नजदीक मेमू ट्रेन आती दिखी स्टेशन पर बड़ी संख्या में जमा लोगों ने ट्रेन को देख ऐसे हाथ हिलाया जैसे उनका अपना कोई लंबे समय बाद विदेश से सफर कर वापस आ रहा हो लोगों ने तालियां बजाकर ट्रेन का स्वागत किया कई तो सबलगढ़ से ट्रेन में बैठकर यात्रा करते हुए वीरपुर पहुंचे और अधिकतर लोग तो स्टेशन पर ट्रेन का दीदार करने पहुंचे। इस दौरान ट्रेन को लेकर वीरपुर स्टेशन पर पहुंचे ड्राइवर गार्ड और स्टाफ का वीरपुरवासियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। कुल मिलाकर वीरपुर में मंगलवार को ट्रेन के आने से उत्सव सा माहौल देखा गया।



मैमू ट्रेन के मार्च 2027 तक श्योपुर आने की उम्मीद

हालांकि अभी तक मेमू ट्रेन बीते 2 सालों से ग्वालियर से कैलारस तक संचालित की जा रही थी और करीब 1 साल से सबलगढ़ से चलाए जाने की मांग हो रही थी, लेकिन अब मेमू ट्रेन को ग्वालियर से वीरपुर तक चलाया जा रहा है। वीरपुर तक इसका संचालन होने से श्योपुर जिला भी इस सुखद यात्रा में शामिल हो चुका है श्योपुर जिले के वीरपुर स्टेशन से बुधवार को ग्वालियर तक के लिए पहली ट्रेन रवाना होगी। अभी श्योपुर तक इस ट्रेन को आने में काम से कम सात माह जरूर लगेगा। जिस कंपनी को रेलवे ने निर्माण का ठेका दिया है उक्त कंपनी से मार्च 2027 में काम पूरा किए जाने का अंडरटेकिंग रेलवे विभाग ने ली है ज्ञात हो कि इस काम को पहले 2026 में पूरा किया जाना था लेकिन निर्माण एजेंसी ने समय अवधि बढ़ते हुए अब 2027 में काम कंप्लीट करने का भरोसा दिलाया है, जिसके बाद ही श्योपुर स्टेशन से ट्रेन चल सकेगी। वैसे श्योपुर स्टेशन तक पटरी बिछाने का काम लगभग पूरा हो गया है यहां रेल चलाने के लिए बिजली के तार और स्टेशन अपडेट करने का काम किया जा रहा है।

आज 10:30 बजे वीरपुर से ग्वालियर के लिए चलेगी पहली ट्रेन

मंगलवार को ग्वालियर से वीरपुर तक ट्रेन सुविधा का शुभारंभ होने के बाद अब बुधवार से ग्वालियर और वीरपुर के बीच तीन ट्रेनों का संचालन विधिवत शुरू हो जाएगा। रेलवे की ओर से जारी टाइम टेबल के मुताबिक ग्वालियर से वीरपुर के लिए पहली ट्रेन सुबह 5:45 बजे, दूसरी ट्रेन दोपहर 12:00 बजे और तीसरी ट्रेन दोपहर 3:00 बजे ग्वालियर से वीरपुर के लिए चलेंगी। जबकि वीरपुर से ग्वालियर के लिए पहली ट्रेन सुबह 10:30 बजे, दूसरी ट्रेन दोपहर 4:45 बजे तथा तीसरी ट्रेन रात्रि 7:45 बजे ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेगी।

श्योपुर से पहुंच सकेंगे देश के अधिकतर शहरों में

श्योपुर (वर्धा बुजुर्ग) स्टेशन पर ट्रेन आने के बाद इस ट्रैक पर मेमू ट्रेन का संचालन बंद हो जाएगा और विधिवत ब्रॉड गेज लाइन देश भर से जुड़ जाएगी। श्योपुर से ग्वालियर जाने वाले लोग ग्वालियर स्टेशन से अपने मनपसंद देश के किसी भी स्टेशन के लिए ट्रेन पकड़ सकते हैं और इस ट्रेन को भी देश के अन्य प्रदेशों और मध्य प्रदेश के दूसरे शहरों तक पहुंचा जा सकेगा इस ट्रेन के चलने से जहां यात्री को यात्रियों को सुविधा मिलेगी वहीं व्यापारियों को अच्छा लाभ होगा अभी व्यापारी इंदौर भोपाल से ट्रैकों में भरवा कर सामान मंगवाते हैं। जिनका भाड़ा होने बहुत अधिक देना पड़ता है लेकिन रेलवे के माध्यम से सामान आने से बड़े में कमी आएगी और समय की बचत भी होगी।

नलजल योजना का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

नगदी और जाटखेड़ा पहुंचीं कलेक्टर, किया स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा ने मंगलवार को श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम नगदी, जाटखेड़ा में स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्राम नगदी में जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित पेयजल टंकी के निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश भी दिये। भ्रमण के दौरान तहसीलदार दीपेश धाकड़ उपस्थित रहे।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने ग्राम जाटखेडा स्थित शासकीय मिडिल स्कूल के निरीक्षण के दौरान बच्चों से चर्चा कर अध्ययन एवं अध्यापन की स्थिति का आंकलन किया, इस दौरान उन्होंने बच्चों के शैक्षणिक स्तर को परखने के लिए किताब भी पढवाई और पहाडे भी सुने, अंग्रेजी विषय में दक्षता जानने के लिए अंग्रेजी विषय की किताब का वाचन भी कराया गया। इस दौरान उन्होंने स्कूल स्टॉफ को निर्देश दिये कि विद्यालय में अकादमिक वातावरण बनाया जायें और शैक्षणिक स्तर में ओर अधिक सुधार किया जायें। उन्होंने बच्चों की पर्याप्त उपस्थिति के संबंध में भी निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का अवलोकन किया और विद्यालय में अन्य बुनियादी सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। ग्राम जाटखेड़ा में भ्रमण के दौरान उन्होंने आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण भी किया और आंगनबाडी केन्द्र पर बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं एवं सेवाओं का आंकलन किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए चित्र आधारित पुस्तक के माध्यम से अक्षर ज्ञान के संबंध में बच्चों को समझाया गया और अ अनार से लेकर ए,बी,सी,डी वर्णमाला पढ़ाई गई। ग्राम नगदी में भी आंगनबाडी केन्द्र का अवलोकन किया गया।



नगदी में आयोजित जनसुनवाई में हुईं शामिल

कलेक्टर शीला दाहिमा ग्राम नगदी के भ्रमण के दौरान पंचायत स्तर पर आयोजित जनसुनवाई में शामिल हुईं, पंचायत भवन में आयोजित जनसुनवाई के अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा की गई और समस्याओं के समाधान के संबंध में मौके से ही संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने पंचायत भवन परिसर में निर्माणाधीन पेयजल टंकी का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश पीएचई अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि पाईपलाइन आदि बिछाने का कार्य पूर्ण करते हुए शीघ्रता से पानी की टंकी से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जायें। इसके साथ ही उन्होंने पंचायत भवन परिसर में साफ-सफाई कराने के निर्देश मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक को दिये। इस दौरान संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच भी मौजूद रहे

शिक्षक निलंबित, प्राचार्य, वार्डन और अतिथि शिक्षक को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा ने छात्राओं की शिकायत के उपरांत माता शबरी कन्या परिसर ढेंगदा के शिक्षक वर्ग-2 पंकज मथुरिया को म.प्र. सिविल सेवा नियमों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके साथही अतिथि शिक्षक कल्याण सिंह जाटव को सेवा समाप्ति का नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस में जवाब मांगा गया है। जबकि प्राचार्य कामिनी पाठक और अधीक्षिका संतोष गौतम को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिनों में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

दरअसल माता शबरी कन्या परिसर ढेंगदा की छात्राओं ने कलेक्टर और एसपी से शिकायत करते हुए एक शिक्षक पर गलत हरकत किए जाने का आरोप लगाया था। जबकि प्राचार्य और अधीक्षिका पर छात्राओं की शिकायत के बावजूद लापरवाही बरतने और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित न करने का आरोप है। इस मामले में कलेक्टर ने कार्रवाई करते हुए शिक्षक पंकज मथुरिया को निलंबित करते हुए प्राचार्य, वार्डन को नोटिस जारी कर जबाव मांगा है।

युवा संगम रोजगार मेला 21 को

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश सूक्ष्म लद्यु एवं मध्यम विभाग, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन शासकीय महाविद्यालय कराहल में 21 अगस्त को प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी आशीष कुमार जैन ने बताया कि एमएसएमई, रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार अप्रेंटेशिप में विभिन्न कंपनियों द्वारा रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा एवं संबंधित विभाग द्वारा अलग-अलग स्वरोजगार योजना के बारे में मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा।

शांति समिति की बैठक कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा की अध्यक्षता में मिलाद उन नबी, गणेश चतुर्थी, पर्यूषण पर्व, तेजाजी मेला, डोल ग्यारस, अनंत चतुर्दशी त्यौहारों के दृष्टिगत 20 अगस्त को अपरान्ह 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है।

संतों की वाणी करती है जाने के बाद भी मार्गदर्शनः प्रभाकर



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

संतों का आशीष उनके रहने और संसार छोड़ने के बाद भी हमेशा भक्तों पर बना रहता है और उनकी वाणी हमेशा मार्गदर्शन करते रहती हैं। हर्ष दास जी भी ऐसे ही संत थे जिनकी वाणी सदियों तक हम सबका मार्गदर्शन करती रहेगी। यह बात कबीर आश्रम के संत एवं हर्ष दास जी के उत्तराधिकारी प्रभाकर साहेब ने संत हर्ष दास जी के परिनिर्माण दिवस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में संबोधन देते हुए कही। कबीर आश्रम बड़ौदा रोड श्योपुर के संचालक रहे साधु हर्षदास जिनका निधन 14 अगस्त 2026 को उनके पैतृक गांव रायपुरा बाँदीकुई जिला दौसा में हो गया था। मंगलवार को उनके उत्तराधिकारी एवं आश्रम के अध्यक्ष प्रभाकर साहेब की मौजूदगी में दिवंगत संत को कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान आयोजित की श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में क्षेत्र के कबीरपंथी एवं आश्रम से जुड़े अनुयाई उपस्थित हुए।

जल्द शुरू होगा काशीपुर से गुढा तक सड़क का निर्माण, सफर होगा सुगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मानपुर क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले गुढा गांव से काशीपुर तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण शीघ्र शुरू होगा। यह आश्वासन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र जाट को पीएमएसवाय से जुड़े अधिकारियों ने दिया। मंगलवार को ग्रामीणों ने श्योपुर पहुंचकर इस संबंध में पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र जाट से गुहार लगाई थी जिस पर उन्होंने अधिकारियों से इस विषय पर चर्चा की थी।

ग्रामीणों के संग अधिकारियों से मिलने पहुंचे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र जाट ने उन्हें बताया कि पीएमएसवाय योजना से सड़क जो सांसद शिवमंगल सिंह तोमर के प्रयास से स्वीकृत हो चुका हैं विभाग उसका काम क्यों शुरू नहीं करा रहा है। सड़क नहीं बनने से बारिश में ग्रामीणों का मुख्य सड़क तक आना दुश्वार हो रहा है। इस पर अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया गया है कि आगामी दो माह में टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर सड़क निर्माण कार्य की प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया जाएगा।



पीएम आवास योजना का लाभ अपात्रों को देने का आरोप, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जनपद पंचायत श्योपुर की ग्राम पंचायत रामबडौदा के कई ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टर शीला दाहिमा से शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि यहां पीएम आवास योजना का लाभ पात्रों की जगह पर अपात्र लोगों को दिया जा रहा है।

ग्राम पंचायत रामबडौदा के ग्राम सीसवाली निवासी बाबूलाल पुत्र मडडूलाल बैरवा, रामसिंह पुत्र रघुनाथ बैरवा, राकेश पुत्र महावीर बैरवा, महेन्द्र पुत्र महावीर बैरवा सहित अन्य कई ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत में आरोप लगाया है कि पीएम. आवास 2.0 में सत्यापन जांच के दौरान जांच अधिकारी, पंचायत सचिव तथा रोजगार सहायक ने आपसी सांठगांठ करके हमे पीएम आवास योजना के लाभ से वंचित कर दिया है। जबकि गांव में कई अपात्र लोगो को पीएम आवास योजना का लाभ प्रदान कर दिया गया है। ग्रामीणों ने इस मामले की जांच कराए जाने की मांग की है।



गाजेबाजे के साथ रवाना हुई श्री कल्याणधणी की पैदल यात्रा, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

पैदल यात्राः अरे बालमा डिग्गीपुरी में जाऊंगी, मोत्याला का दर्शन पाऊंगी...

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अरे बालमा डिग्गीपुरी में जाऊंगी, मोत्याला का दर्शन पाऊंगी, सावन बरसे बिजल्या चमके पैदल डिग्गी में चाला, पैदल यात्रा में चाला, बाजे छै नौबत बाजा, म्हारा डिग्गीपुरी का राजा..., मैं तो जाउंगी डिग्गीपुरी का मेड़ा में...ओ जी म्हारा केसरिया कल्याण धणी , मान्ह भूल मत जा जो सा ..., जैसी स्वर लहरियों के बीच राजस्थान के टोंक जिले के डिग्गी-मालपुरा में विराजित श्रीकल्याण धणी के दर्शनों के लिए मंगलवार को श्योपुर से एक पैदल यात्रा रिमझिम बारिश के बीच रवाना हुई। क्षेत्र में खुशहाली और अच्छी बारिश की कामना को लेकर रवाना हुई इस पैदल यात्रा में हजारों श्रद्धालु का सैलाब उमड़ पड़ा। इस 27 वीं पैदल यात्रा का शुभारंभ सुबह 10 बजे टोड़ी गणेश मंदिर से ध्वज पूजन कर पदयात्रा को रवाना किया। पैदल यात्रा के शुभारंभ के दौरान विशेष रूप से पधारे संत श्री रामदास महाराज देवरी धाम तथा कलेक्टर शीला दाहिमा ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ पैदल यात्रा को रवाना किया। इस दौरान समिति पदाधिकारी व विभिन्न राजनैतिक दलों से जुड़े लोग व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



पैदल यात्रियों का स्वागत करने जगह-जगह लगाए स्टाल

डिग्गी पैदल यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की आवभगत में विभिन्न सामाजिक संगठन और ग्रामवासियों ने खास इंतजाम किए। यात्रा मार्ग में जगह-जगह स्टाल लगाए गए हैं। इन स्टालों पर पदयात्रियों के लिए नाश्ते में पोहा, जलेबी और फलों का इंतजाम किया गया। वहीं कई जगह लोगों को भोजन कराया गया।

श्योपुर की सबसे बड़ी पैदल यात्रा

डिग्गी मालपुरा में सावन मास में लगने वाले भगवान कल्याण जी के लक्खी मेले के दौरान देश के विभिन्न 700 स्थानों से पदयात्राएं जाती हैं। इनमें श्योपुर जिले से जाने वाली पैदल यात्रा सबसे बड़ी रहती है। मेले के दौरान प्रतिदिन 15-20 पदयात्रा डिग्गी पहुंचती है। लेकिन जिस दिन श्योपुर क्षेत्र की पैदल यात्रा का झंडा चढ़ाने का दिन रहता है उसके लिए जिला प्रशासन की ओर से विशेष प्रबंध किए जाते हैं।

गाजे-बाजे के साथ शहर के प्रमुख मार्ग से झूमते-नाचते गुजरे पदयात्रियों का शहर में जगह-जगह स्वागत किया। वहीं रास्ते में भी कई जगह स्वागत सत्कार के कार्यक्रम रखे गए। यह पदयात्रा करीब सवा दो सौ किलामीटर की दूरी तय कर एक सप्ताह बाद कल्याण धाम पर पहुंचेंगी और मंदिर पर परंपरागत रूप से झंडा चढ़ाने की रस्म के साथ समाप्त होगी। श्योपुर से रायपुरा, सोंईकलां, बगडुवा, भोगीका होते हुए कल्याण धणी के रवाना हुए पदयात्रियों का पहला पड़ाव ग्राम दांतरदा में रहा। जहां पदयात्रियों ने भंडारे की प्रसादी ग्रहण करके रात्रि विश्राम किया। विशेष बात यह है कि इस पैदल यात्रा के चलते पूरे रास्ते पदयात्रियों के जत्थे नजर आए। बता दें कि सोमवार को बडौदा से रवाना हुई डिग्गी पैदल यात्रा ने श्योपुर में रात्रि विश्राम किया और मंगलवार को श्योपुर से जाने वाली पैदल यात्रा के साथ डिग्गी के लिए रवाना हुई। यह पैदल यात्रा 23 अगस्त को श्री कल्याणधणी के दरवार में पहुंचेगी, जहां झंडा चढ़ाकर पैदल यात्रा का समापन किया जाएगा।





मिलेगी संकुचित यातायात से मुक्ति शुक्रवार को होगी परिषद की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अव्यवस्थित यातायात और बेतरतीब खड़े वाहनों अतिक्रमण के कारण बद से बदतर हो रही शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के उद्देश्य से नगर पालिका ने अब काम करने के लिए योजना बना ली है। इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए शुक्रवार को परिषद की बैठक आयोजित कराई जानी है जिसमें उक्त मुद्दों को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। शुक्रवार को आयोजित होने वाली परिषद की बैठक में बाजार से यातायात का भार कम करने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 10 से बंजारा डेम के पास तक शहर में आए बिना वाहनों को शहर के बाहर निकाले जाने के लिए वैकल्पिक बाईपास बनाने की दिशा में गफ्फार के बाड़े के पास रास्ते में नाले पर पुलिया निर्माण की स्वीकृति का बिंदु रखा गया है। इस पुलिया के निर्माण की स्वीकृति मिलने और पुलिया का निर्माण हो जाने के बाद बंजारा डैम के पास से ही लोग शहर में प्रवेश किए बिना सीधे सलापुरा नहर नागदा रोड पर निकल जाएंगे। पुल दरवाजे पर भीड़ भाड़ खत्म करने के उद्देश्य से मछली मार्केट को शहर से बाहर ले जाया जाएगा। क्रमांक 1 से लेकर 23 तक छोटे-मोटे कामों को साल भर तक कराए जाने के लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था हेतू जोनल वर्क के टेंडर को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। शहर में जगह-जगह पार्किंग स्थल बनाए जाने पर भी परिषद की बैठक में विचार किया जाएगा। सबसे खास बात शहर के भीतर महिला शौचालय की कमी को दूर करने पर भी बैठक में विचार होगा पिंक टॉयलेट के नाम से शहर में जगह-जगह महिला शौचालय बनाए जाएंगे जिसका उपयोग सिर्फ महिलाओं के लिए होगा ताकि दूर दराज गांवों से और शहर से भी बाजार में खरीदारी करने आई महिलाओं को बाथरूम के लिए परेशानन होना पड़े।



समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा 20 से

श्योपुर। संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जन्मजयंती के अवसर पर उनके जीवन-दर्शन, समता, भक्ति, सेवा, सामाजिक न्याय एवं मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से "श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा" का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय कार्यक्रम 20 अगस्त को सीप नदी स्थित रेगर घाट पर आयोजित किया जायेगा। इसके पूर्व प्रातः 10.30 श्री रामतलाई हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। संत शिरोमणी रविदास जी की 650वी जन्मजयंती के अवसर पर मंगलवार 18 अगस्त को दोपहर 12 बजे रवीन्द्र भवन, भोपाल में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों के लिए पावन कलश रवाना किए जाएंगे। 20 अगस्त से 10 सितंबर तक जिले में निर्धारित मार्गों पर कलश रथ यात्रा निकाली जाएगी। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा आज रेगर घाट चौक पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर भ्रमण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

खबर संक्षेप



अथर्वा गौरव सम्मान से सम्मानित हुए हेमंत

अशोकनगर। नगर के सुप्रसिद्ध ज्योतिषी हेमंत श्रीवास्तव को कोटा में आयोजित षष्ठम अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष वास्तु महासम्मेलन में अथर्वा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें 8 अगस्त को अथर्वा आदित्य सेवा संस्थान कोटा द्वारा गीता भवन कोटा में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। इस सम्मान समारोह में ज्योतिषी हेमंत श्रीवास्तव को संस्था के अध्यक्ष आचार्य आदित्य कुमार शास्त्री और अखिल भारतीय संस्था संघ दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार बंसल द्वारा प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर एवं विधायक कोटा दक्षिण संदीप शर्मा भी विशेष रुप से उपस्थित थे। ज्योतिषी श्रीवास्तव को यह सम्मान भारतीय प्राच्य विद्या ज्योतिष विज्ञान, हस्त रेखा, वास्तु शास्त्र न्यूमेरोलोजी आयुर्वेद एवं अन्य विधाओं के प्रचार प्रसार, संरक्षण व समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

जुए के अडडों पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। जिले में जुओं के अडडों पर छापामार कार्यवाही की गई है। मुंगावली पुलिस ने ग्राम खुटिया बामौरी में ताश के पत्तों से जुआं खेलत हुए सोनू केवट, बरकत खान राजा खान, कृष्णविहारी प्रजपाति,जयकुमार राय, राजकमल आदि को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 1740 रूपए सहित ताश की गडडी बरामद की है। इसी प्रकार शाढ़ौरा पुलिस ने ग्राम जलालपुर में पहाड़ी के पास ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए राजा अहिरवार, रामकुमार रघुवंशी राजाराम कुशवाह को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी, 4000 रूपए सहित 2 बाईक बरामद की है। जिले के देहात थाने की पुलिस ने टोरिया के पास बांसापुर में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए सुल्तान अहिरवार, हेमंत गोस्वामी, मनीष गोस्वामी, शिवम अहिरवार, नीलू जाटव, बलवीर जाटव,सतेन्द्र चंदेल, को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 3140 रूपए बरामद किए हैं।

अज्ञात चोर बाइक चुरा ले गए

अशोकनगर। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत विदिशा रोड़ चुंगीनाका निवासी सेवाराम केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एमपीबीबी के पास से कोई अज्ञात चोर उसकी बाई चोरी कर ले गया।

7 खाद्य कारोबारकर्ताओं को हाइजीन रेटिंग हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किए



अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा सोमवार को कलेक्टर कक्ष में जिले में ईट राइट एक्टिविटी के अंतर्गत 07 खाद्य कारोबारकर्ताओं को हाइजीन रेटिंग के संबंध में प्रमाण पत्र वितरित किये गये। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक ने बताया कि यह हाइजीन प्रमाण पत्र खाद्य कारोबारकर्ताओं को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा प्रदान किया जाता है। संबंधित खाद्य कारोबारकर्ताओं के प्रतिष्ठानों का इंदौर से आये ऑडिटर द्वारा निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य भंडारण और रखरखाव, कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता, रसोई और परिसर की साफ-सफाई,कीट नियंत्रण और जल सुरक्षा के आधार पर मूल्यांकन किया जाकर प्रमाण पत्र प्रदान किये गये है। इस अवसर पर महावीर स्वीट्स के संचालक मनोज कुमार जैन,शाही रेस्टोरेंट के संचालक अजय कुमार जैन, विकास नमकीन एण्ड स्वीट्स के संचालक विकास जैन,चंदन दी हवेली के संचालक नवजोत सिंह संधु,लजीज रेस्टोरेंट के संचालक अमर कुमार सोनी तथा लकी बेकरी के संचालक अमित विरग को प्रमाण प्रदान किए।

कांवड़ यात्रा का फूलों से स्वागत किया, बम भोले के गूंजे जयकारे

श्रावण का तीसरा सोमवार: मंदिरों में भोलेनाथ का हुआ अभिषेक, कांवड़ यात्राएं निकलीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्रावण के महीने का तीसरा सोमवार अशोकनगर शहर में भक्ति और आराधना के रूप में मनाया गया। मंदिरों में अभिषेक के आयोजन हुए। शहर भक्ति में डूबा नजर आया। बड़ी संख्या में कावड़ यात्री त्रिवेणी नदी से जल लेकर पहुंचे। शहर में कावड़ यात्रियों पर फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। यह कावड़ यात्री हाथ में तिरंगा लेकर भी चल रहे थे।

शहर में तीसरा सोमवार भोले नाथ के मंदिरों में ओम नमः शिवाय की गूंज के साथ मनाया गया। भोलेनाथ के भक्तों में आस्था की बयार देखी गई। सुबह से ही भक्तों को शिवालयों में जाते हुए देखा गया। भोलेनाथ जी की पूजा-अर्चना, अभिषेक का कार्यक्रम आयोजित हुए। कई भक्त सहपरिवार भोले बाबा के दरवार में पहुंचे। भक्तों ने तमाम सामग्री से भोलेनाथ का अभिषेक किया जिसमें जल,दूध वेल पत्री आदि शामिल हैं। दोपहर में और शाम की अवधि में शहर के मंदिरों में भजन और कीर्तन के आयोजन हुए। शहर के सारे शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ देखी गई। हजारेश्वर मंदिर, ब्रम्हागौड़ शिव मंदिर, शिव टोरिया, आसमानी माता मंदिर, तारवाले बालाली, सराफा बाजार हनुमान मंदिर सहित सभी मंदिरों में अभिषेक के आयोजन हुए।





शहर में भव्य कांवड़ यात्रा निकली

प्रतिवर्ष शहर में कावड़ यात्रा का आयोजन बबलू यादव के नेतृत्व में किया जाता है। इस बार भी यह कावड़ यात्रा पूरे भक्ति भाव से निकाली गई। कावड़ यात्रा से पहले शहर के गांधी चैक पर झण्डिया और झण्डे लगाए गये थे तथा कावड़ यात्री एक जैसी वेश-भूषा में नजर आए। सुबह के 9:00 बजे बड़ी संख्या में इन कावड़ यात्रियों को त्रिवेणी नदी पर कावड़ में जल भरते देखा गया। जिसके बाद यह कावड़ यात्रा तूमैन से 8 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर अशोकनगर पहुंची। जगह-जगह कावड़ यात्रा का स्वागत किया गया। गाजे-बाजों के साथ निकली इस शोभा यात्रा में शहर के लोग भी शामिल होते गए। बाद में भोले नाथ के दरवार में अभिषेक किया गया।

जल की पवित्रता और संरक्षण की मूल भावना का संदेश लेकर निकली कांवड़ यात्रा



सावन के पवित्र माह को सत्यम से शिवम की ओर यात्रा का सिद्ध उपासना के साथ भगवान शिव की उपासना का अनुपम संगम माना जाता हैं भगवान शिव की आराधना में करोड़ों श्रद्धालु सैकडो मील दूर से नदियों के पवित्र जल लाकर पद यात्रा करते हुए भगवान शिव का जल अभिषेक करते हैं देश भर के सभी राज्यों में शिव मय वातावरण निर्मित होता है भारत के सभी प्रसिद्ध शिव मंदिरों सहित 12 ज्योतिर्लिंग की यात्रा कर लोग शिव उपासना और भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक कर मनोरथ पाते हैं। श्रावण के तीसरे सोमवार को नाग पंचमी के अवसर पर शहर में भव्य कावड़ यात्रा प्रति वर्ष की तरह निकाली गई सैकडो श्रद्धालुओं ने प्राचीन नगरी तूमेन स्थित त्रिवेणी घाट से कावड़ में जल लेकर 9 की मि पैदल चल कर शहर में प्रवेश किया इस मौके पर शहर वाशियो ने कावड़ यात्रियों का स्वागत कर उनका उत्साह बढ़ाया। डॉ जयमंडल रेडक्रॉस अध्यक्ष ने कावड़ यात्रा के सनातन संदेश के साथ ही धार्मिक महत्व एवं वैज्ञानिक दृष्टि गत भावना व्यक्त करते हुए बताया भगवान शिव प्रकृति और मां पार्वती शक्ति स्वरूपा है समुचित ब्रह्मांड की आदि शक्तियों को शिव स्वरूप मानते हैं। जल सबसे प्राचीन है जब कुछ भी नहीं था सब कुछ शून्य था तक जल होने के प्रमाण हैं तो बही भगवान शिव अनादि है कावड़ संदेश में डॉ जय मंडल जी ने जल के शुद्धि करण, जल संरक्षण , तथा जल वायु सहित पृथ्वी को हरि भरी बनाए रख कर ही भगवान शिव को पवित्र एवं शुद्ध जल अर्पित कर शिव आराधना में छिपे जल है तो कल है के संदेश पर अपनी बात नाग पंचमी सावन माह के प्रसंग में रख कर लोगो तक प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण से जागरूकता भरा संदेश व्यक्त किया है। सावन माह में कावड़ यात्रा देश भर के धार्मिक प्रचलन का पवित्र भाग है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लखेरी बसारती निवासी लल्लू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नरेन्द्र, राजू, रोहित, अभिषेक परिहार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी इकबाल खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अकील खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से अखील खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अनवर ,इमरान, छोटू और इकबाल खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम प्राणपुर निवासी इमरत लाल कौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोपाल, आनंद और गोपाल कौली की पत्नि ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से आनंद कौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि इमरत, रविशंकर, अमन और सत्तू कौली ने उसे मारपीटी क की। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खुटियाबामोरी निवासी अरूण कटारिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दयाराम कटारिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

हम सब एक हैं नारे के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा

देश की राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है तिरंगा: रविशंकर अवस्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला एवं शासकीय हाईस्कूल ग्राम देहरी के विधार्थियों के सहयोग से सोमवार को ग्राम मे तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन माय भारत मेरा युवा भारत सागर एवं शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह एवं आजाद क्रांतियां मंडल बीना के संयुक्त तत्वावधान मे किया गया। तिरंगा यात्रा में विद्यार्थियों ने हम सब एक हैं, हम देश की रक्षा करेंगे, जय हिंद जय भारत, भारत माता की जय, तिरंगा हमारी शान है आदि नारे लगाए।

तिरंगा की जानकारी

इस मौके पर सेवानिवृत्ति प्रधानाध्यापक रविशंकर अवस्थी ने बताया कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज, जिसे 'तिरंगा' कहा जाता है, तीन रंगों की क्षैतिज पट्टियों और बीच में अशोक चक्र वाला आयताकार ध्वज है। इसे 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा की बैठक में अपनाया गया था। इसका डिज़ाइन पिंगली वेंकैया ने तैयार किया था।



समाजसेवी प्रमोद पवार ने बताया कि तिरंगे ध्वज मे केसरिया रंग देश की ताकत, साहस और बलिदान का प्रतीक है। सफेद रंग शांति, सच्चाई और धर्म का प्रतीक है। हरा रंग हरियाली, विश्वास और समृद्धि का प्रतीक है। शिक्षिका विनीता नायक ने बताया कि तिरंगे ध्वज में अशोक चक्र सफेद पट्टी के बीच गहरे नीले रंग का 24 तीलियों वाला चक्र है, जो निरंतर प्रगति और न्याय का संदेश देता है। ध्वज का आकार: इसकी लंबाई और चौड़ाई का अनुपात 3:2 होता है। कार्यक्रम संयोजक उमेश शर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा रैली के माध्यम से कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिससे सभी देशवासियों में देशभक्ति की भावना प्रबल बनी रहे, एवं स्कूली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय तिरंगा की विस्तृत जानकारी भी मिल सके। कार्यक्रम में सुरेन्द्र शर्मा, जुगनु परोची, रुचि श्रीवास्तव, प्रीति जैन, रूचि दांगी, संजीव जैन, लक्ष्मीकांत पुरानियां, मनोज गोयल के साथ-साथ प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाईस्कूल के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

मंडी बामोरा सेक्टर के ग्राम ईटैया में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन

प्रकृति का कर्ज चुकाने का सबसे अच्छा माध्यम एक पेड़ लगाएं: नंदराम कुशवाहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

मंडी बामोरा सेक्टर के ग्राम इटैया में मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था अंजनी जन कल्याण संस्थान समिति द्वारा हरियाली उत्सव के अंतर्गत गांव में नवांकुर सखी कलश यात्रा निकाल कर हनुमान मंदिर पर पौधे वितरित किए गए। समिति द्वारा 200 पौधे वितरित किए गए। ब्लॉक समन्वयक नीरज शर्मा द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि प्रकृति हम सबको अन्न, जल, फल, फूल आदि देती है हम क्या देते है ? यदि हम धरती माता के संसाधनों का उपभोग और दोहन करते रहे और बदले में कुछ न दें तो निकट भविष्य में पेड़ों की कमी से जल की कमी। जल की कमी से फसलों की कमी और फसलों की कमी से अन्न की कमी होगी और हम इन कमियों से परेशान होंगे। यदि हम कम से कम पेड़ लगाने का कार्य, जल संरक्षण का कार्य कर लें तो भविष्य अच्छा होगा।

नवांकुर संस्था अध्यक्ष नंदराम कुशवाहा ने कहा कि हम सभी प्रकृति के कर्जदार हैं हम सभी को एक पेड़ मां के नाम अपने जन्मदिन पर हमारे पूर्वजों की याद में एवं वैवाहिक वर्षगांठ एवं खुशियों के अवसर पर एक पेड़ लगाना चाहिए। प्रकृति का कर्ज चुकाने का सबसे अच्छा माध्यम एक पेड़ लगाए। अन्यथा भविष्य में हमारा जीवन जल एवं ऑक्सीजन के अभाव में संकटों से घिर जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच सुरेश चढार, पूर्व उपसरपंच राजेंद्र सिंह रघुवंशी, प्रफुटन समिति अध्यक्ष महाराज सिंह राजपूत, संदेश अग्रवाल मंडी बामोरा, नंदराम प्रजापति, प्रमोद, सीताराम पवार, सीताराम कुशवाहा, सरवन विश्वकर्मा, किरण वाई राजपूत, उर्मिला चढार, आशा रानी कुशवाहा, सूरज वाई विश्वकर्मा, पार्वती राजपूत, आशा बाई राजपूत आदि बडी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।



स्वतंत्रता दिवस पर सेवा, संस्कार और देशभक्ति का अद्भुत संगम

अशोकनगर। श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति' द्वारा को आंगनवाड़ी केंद्र में नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। समिति की सभी बहनें एक साथ एकत्रित हुईं और बच्चों के समक्ष ध्वज वंदन किया। पूर्व अध्यक्ष विभा मोदी महामंत्री प्रियंका जैन एवं पूर्व अध्यक्ष सुनीता चैधरी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर समिति की वरिष्ठ सदस्य नंदा सोनी ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व के बारे में सरल एवं सुंदर शब्दों में जानकारी दी तथा स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक बातें भी बताईं। समिति की सभी बहनों ने मिलकर बच्चों को तिरंगे झंडे एवं लड्डू वितरित किए। साथ ही बच्चों के लिए 'पेंसिल, कॉपी, ड्राइंग बॉक्स, हाथ की घड़ी, जूते-चप्पल, कपड़े, बैग' एवं अन्य उपयोगी सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की गई। बच्चों के चेहरों पर खुशी देखकर सभी बहनों का मन भी आनंद से भर गया। मंजू जैन द्वारा आंगनबाड़ी की पूरी व्यवस्था की गई एवं अध्यक्ष महामंत्री द्वारा सारा कार्य किया गया राष्ट्रीय मंत्री ईंदू गांधी के नेतृत्व में सारा कार्यक्रम किया गया।

उठो जगत के वास्ते के तहत.. घर बने मंदिर विषय पर कार्यक्रम

'लोगों के विचार और संस्कार घर को मंदिर बनाते हैं'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

ब्रह्माकुमारीज़ के युवा प्रभाग द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी अभियान उठो जगत के वास्ते के तहत घर बने मंदिर विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में नगर की महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में युवा प्रभाग की बीना क्षेत्र की संयोजिका बीके जानकी दीदी ने कहा कि हम सभी चाहते हैं कि हमारा घर सुखी हो, परिवार में प्रेम हो, रिश्तों में मिठास हो और जीवन में शांति हो। लेकिन कभी हमने यह सोचा है कि घर को वास्तव में मंदिर कौन बनाता है? घर की सुंदरता, महंगे सामान या बड़ी इमारत नहीं, बल्कि वहां रहने वाले लोगों के विचार, व्यवहार और संस्कार घर को मंदिर बनाते हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर में हम प्रवेश करते हैं तो मन में शांति का अनुभव होता है। वहां हमारी वाणी सहज हो जाती है, हमारा मन सकारात्मक हो जाता है। ठीक उसी प्रकार हमारा घर भी ऐसा स्थान होना चाहिए, जहां बाहर की भागदौड़ और तनाव के बाद हमें शांति मिले, जहां हमें अपनापन मिले और जहां हमारा मन सुरक्षित महसूस करें।

घर के वातावरण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत: जानकी दीदी ने कहा कि आज सबसे बड़ी आवश्यकता है कि हम अपने घरों में सुविधाओं के साथ-साथ संस्कारों का भी निर्माण करें। आज परिवार के सदस्य एक ही घर में रहते हुए भी कई बार एक-दूसरे से दूर होते जा रहे हैं। हाथ में मोबाइल है, लेकिन परिवार के लिए समय नहीं है। संवाद कम हो रहा है और गलतफहमियां बढ़ रही हैं। ऐसे में हमें अपने घर के वातावरण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। घर बने मंदिर की शुरुआत किसी बड़े आयोजन से नहीं, बल्कि हमारे छोटे-छोटे व्यवहार से होती है। सुबह उठकर परिवार के सदस्यों को मुस्कुराकर अभिवादन करना, बड़ों का सम्मान करना, बच्चों की बात ध्यान से सुनना, किसी की गलती पर तुरंत क्रोधित होने के बजाय धैर्य रखना- ये छोटी बातें ही घर में बड़ी खुशियां लाती हैं।

बीके मधु बहन ने कहा कि राजयोग हमें अपने विचारों को देखने और उन्हें सकारात्मक दिशा देने की शक्ति देता है। जब हम स्वयं को एक शांत, शक्तिशाली और श्रेष्ठ आत्मा समझते हैं, तब दूसरों की कमियों को देखने के बजाय उनके गुणों को देखना शुरू करते हैं। यही परिवर्तन परिवार के संबंधों में नई ऊर्जा भर सकता है। इस दौरान सभी प्रतिभागियों का राजयोग मेडिटेशन से गहन शांति की अनुभूति कराई गई। साथ ही कई एक्सरसाइज के जरिए सभी को सुख-शांतिमय परिवार बनाने का संदेश दिया। बीके अनुप्रिया बहन ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



एसोसिएशन ने किया वरिष्ठ अकाउंटेंट् सम्मान समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अकाउंटेंट एसोसिएशन द्वारा रविवार दोपहर वरिष्ठ अकाउंटेंट सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों में वर्षों तक अकाउंटेंसी के क्षेत्र में अपनी सेवाएं देने वाले वरिष्ठ अकाउंटेंट पदम कुमार जैन, रामकुमार शर्मा, प्रकाश चंद जैन, आजाद जैन, कैलाशचंद जैन, अनिल बज का समिति सदस्यों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया और सभी वरिष्ठ साथियों का शाल, श्रीफल, पेन व स्मृति बिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्यों ने अपने अनुभव साझा किए और अकाउंटेंसी में भविष्य की चुनोतियों का सामना करने के लिए अपने सुझाव दिए।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए समिति सचिव स्वप्निल सोनी ने एसोसिएशन का उद्देश्य व गतिविधियों को सभी के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि हमारे वरिष्ठ साथी हमारे लिए केवल वरिष्ठ नहीं हैं, वह हमारी प्रेरणा और मार्गदर्शन के स्रोत है। हमने किताबों से अकाउंटेंसी सीखी होगी लेकिन व्यावहारिक जीवन की आउंटेंसी हमने अपने वरिष्ठों से ही सीखी है। कार्यक्रम को समिति कोषाध्यक्ष नीरज नामदेव, संगठन मंत्री कैलाश अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अजय जैन, करण शर्मा आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अकाउंटेंट संतोष शर्मा, राजेश जैन, राजू पालीवाल आदि रहे मौजूद।

मानस मंथन समिति द्वारा तुलसी जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

अशोकनगर। 19 अगस्त बुधवार को विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मानस मंथन समिति अशोकनगर द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सायं 5 बजे से स्कूली बच्चों द्वारा श्री रामचरित मानस पर प्रश्नोत्तरी,तात्कालिक प्रश्नोत्तरी, महिलाओं द्वारा मानस गायन,शहर के विद्वानों द्वारा मानस के विभिन्न विषयों पर उद्बार, गौ-सेवकों का सम्मान,बच्चों को पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम माधव भवन में रखा गया है।